# **SGRRU की स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय ऑर्गेनिक और हर्बल रंग बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया**

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय की स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय ऑर्गेनिक और हर्बल रंग बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला मैं छात्रों का निर्देशन विभाग अध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ लता सती ने किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में पहले दिन छात्रों को हर्बल रंगों के महत्व और उनके बनाने की विधि विस्तार से बताई गई।

उन्होंने कहा कि छात्रों ने चुकंदर, हल्दी, पालक, गैंदा और गुलाब का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के रंगों को बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज की डीन प्रोफेसर डॉ प्रीति तिवारी ने कहा कि गृह विज्ञान विभाग की यह पहल पर्यावरण को बचाने की दिशा में भी अग्रिम प्रयास है उन्होंने कहा की रासायनिक रंगों के स्थान पर अगर ऑर्गेनिक रंगों का प्रयोग किया जाए तो उससे त्वचा को होने वाले संक्रमण और शरीर पर होने वाले विपरीत प्रभाव से बचा जा सकता है।

साथ ही उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज समय-समय पर अपने बच्चों के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित करेगा जिससे वह पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर विभाग़ाध्यक्ष डॉ लता सती, डॉ मोनिका शर्मा, नेहा गुप्ता और स्निग्धा भट्ट के साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र मौजूद रहे।




Your
Lifestyle
SHRI GURU RAM RAI UNIVERSITY
TRAINING PROGR